आकाशवाणी शिमला

25.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विभिन्न विभागों से संबंधित ठेकेदारों के 20 लाख रूपए तक के बिलों की अदाएगी के दिए निर्देश।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–ट्रांसपोर्ट विभाग में ऑटोमेटिक अप्रूवल प्रणाली लागू।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के कल्याण के लिए राज्यों को आबंटित धनराशि का 31 मार्च तक उपयोग सुनिश्चित करने को कहा।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बल्ह विधानसभा क्षेत्र में सवा तीन करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया शिलान्यास।
- दिल्ली में ए.आई. समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन का कांग्रेस ने किया समर्थन–भाजपा का आरोप–देश की छवि खराब करने वालों को बचाने में जुटी प्रदेश सरकार।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोक निर्माण और जलशक्ति विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित ठेकेदारों के 20 लाख रूपए तक के सभी लम्बित बिलों की अदायगी के वित्त विभाग को निर्देश दिए हैं। वित्त विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि लगभग 2 सौ 25 करोड़ रूपए की बकाया राशि शीघ्र ही विभिन्न ठेकेदारों को जारी की जाएगी।

अग्निहोत्री

हिमाचल प्रदेश परिवहन विभाग ने पूरी तरह से ऑटोमेटिक अप्रूवल प्रणाली के तहत काम करना शुरू कर दिया है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि गुड्स, टूरिस्ट व नेशनल परमिट अब ऑटोमेटिक प्रणाली पर चल रहे हैं और 6 हजार 5 सौ 43 लोग इस सुविधा का लाभ ले चुके हैं।

*विभाग की काफी सेवाएं हम डिजिटल और फेसलेस प्रणाली के तहत इसमें मानवीय हस्तक्षेप हटा दिया गया है और सीधे–सीधे ऑटोमेशन शुरू कर दी गई है और एक बहुत बड़ा पारदर्शी और विश्वसनीय प्रोसीजर जो है ट्रांसपोर्ट में लागू किया गया है। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट का रेवेन्यू जो है 1000 करोड़ रूपया की राशि 1 साल के अंदर अकेले ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने अर्जित की है, जो कि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।*

अग्निहोत्री ने बताया कि इस वर्ष परिवहन विभाग ने रिकार्ड एक हजार करोड़ से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने तीन साल में 2 हजार 7 सौ 44 करोड़ रूपए का राजस्व अर्जित किया है जबकि भाजपा ने इसी अवधि में एक हजार 5 सौ 64 करोड़ रूपए ही अर्जित किया था।

उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं ताकि अधिकारियों का रोल खत्म किया जाए और इसमें पारदर्शिता लाई जा सके।

शिवराज–बैठक

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 31 मार्च तक किसानों के कल्याण के लिए राज्यों को आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने नई दिल्ली में कई राज्यों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में यह बात कही।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज लोकभवन शिमला में अरूणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस के उपलक्ष पर आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने हिमाचल में रह रहे इन दोनों राज्यों के लोगों को पारम्परिक हिमाचली टोपी और मफलर भेंट कर सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को सुदृढ़ करने और लोगों में भाईचारा और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

चन्द्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चन्द्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है। वे आज कांगड़ा जिला के ज्वाली सिविल अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी अप्रैल माह से मरीज की पर्ची पर 10 रूपये, ईसीजी जांच पर 50 रूपये और अल्ट्रासाउंड जांच पर 2 सौ रूपये यूजर चार्ज निर्धारित किया जाएगा।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज बल्ह विधानसभा क्षेत्र के सरकीधार में करीब 3 करोड़ 29 लाख रूपए की लागत से स्कूल भवनों व पंचायत घर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 और 2025 में प्राकृतिक आपदा के कारण मण्डी जिला में शिक्षण संस्थानों को हुए नुकसान के लिए लगभग 27 करोड़ 61 लाख रूपए की धनराशि पुर्नबहाली के कार्यों के लिए उपलब्ध करवाई गई है। इस बीच रोहित ठाकुर ने रिवाल्सर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चू मेले का शुभारम्भ भी किया।

कुलदीप राठौर

दिल्ली के भारत मंडपम में ए.आई. समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन का राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने समर्थन किया है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदर्शन करना लोकतांत्रिक अधिकार है और युवा कार्यकर्ताओं ने यू.एस. ट्रेड डील के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया है। कुलदीप राठौर ने कहा कि इसके बाद दिल्ली स्थित हिमाचल सदन में पुलिस ने देर रात ग़लत तरीक़े से एंट्री लेकर गिरफ़्तारी करने की कोशिश की जो निंदनीय है।

जम्वाल

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने दिल्ली के भारत मंडपम में ए.आई. समिट में हुए प्रदर्शन के बाद दिल्ली पुलिस द्वारा रोहडू के तीन युवा कांग्रेस पदाधिकारियों की गिरफ्तारी और सोलन में हिमाचल पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई पर तीखा हमला किया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोपियों को पकड़ने आई दिल्ली पुलिस के जवानों को ही हिमाचल पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की छवि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर खराब करने वाले युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को बचाने के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार सक्रिय भूमिका निभा रही है।

धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश के 6 आई.टी.आई. संस्थानों में बागवानी, प्राकृतिक खेती और डेयरी तकनीक पर आधारित एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स को प्रदेश सरकार ने शुरू करने की अनुमति दी है। आज घुमारवीं में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कौशल विकास आधारित ये पाठ्यक्रम युवाओं को स्वरोजगार व उद्यमिता की दिशा में सशक्त बनाने में अहम कड़ी साबित होंगे।

मृत्यु

कुल्लू जिला के पर्यटन स्थल मनाली घूमने आए एक युवक की मौत हो गई है। मृतक युवक वीर सोरेन झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का पोता और बाबू सोरेन का बेटा था। मृतक 23 फरवरी को अपने दोस्तों के साथ हिमाचल घूमने आया था। मनाली पुलिस के अनुसार शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा और मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीर सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं जताई हैं।

संजय टंडन

प्रदेश भाजपा सह–प्रभारी संजय टंडन ने कहा है कि वित्त वर्ष 2026–27 के केन्द्रीय बजट में पर्यटन व सांस्कृतिक योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक पर्यटन स्थल है और केन्द्र ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर अनेक योजनाएं बनाई हैं। टंडन ने कहा कि प्रदेश सरकार अगर केन्द्र के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य करे तो हिमाचल पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाईयां छुएगा। इससे पहले उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफैसर प्रेम कुमार धूमल से आज उनके निवास स्थान समीरपुर में भेंट की। इस अवसर पर संजय टंडन ने कहा कि प्रदेश के विकास, संगठन सुदृढ़ीकरण और राष्ट्रहित के मुद्दों पर प्रोफैसर धूमल का दृष्टिकोण हमेशा स्पष्ट दूरदर्शी और प्रेरणादायी रहा है।